increase of 30,000 tonnes over the release level for May, 1977. As a result, free sale sugar prices declined by Rs. 8 per quintal in the latter part of the first week of June.

मध्य प्रदेश में झाबुआ कृषि विद्यालय

101. **श्री भागीरथ भंवर :** क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) झाबुआ में अलीराजपुर जिले में कृषि विद्यालय खोले जाने की स्वीकृति दिये जाने के बाद भी अभी तक इस संबंध में प्रारम्भिक कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ख) केन्द्रीय तथा राज्य सरकार ने अब तक कृषि विद्यालय के लिये कितनी राशि की स्वीकृति दी है ;

(ग) कृषि विद्यालय के लिये कितनी भूमि का अधिग्रहण करने का विचार है;

(घ) अभी तक इस योजना के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ङ) क्या योजना को पूरा करने के लिए कोई अन्तिम लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो लक्ष्य के कब तक प्राप्त होने की संभावना है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल) : (क) से (ङ) भारत सरकार के कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय को, मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के झाबुआ नामक स्थान पर एक कृषि संस्थान खोले जाने के प्रस्ताव की जानकारी नहीं है। उक्त प्रस्ताव से संबंधित सूचना भेजने का अनुरोध राज्य सरकार से किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार से सूचना प्राप्त होने पर माननीय सदस्य को उत्तर दिया जायगा ।

छोटे किसानों को परेशान किया जाना

102. **श्री ईश्वर चौधरी :**
श्री मीठा लाल पटेल :

क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को इस आशय की शिकायतें मिली हैं कि पिछली सरकार द्वारा निर्धारित भूमि वितरण नीति के अन्तर्गत समाज के निर्बल वर्गों के लोगों को जो जमीन आवंटित की गई थी, उन पर कुछ जमीन के मालिकों ने जबरन अधिकार कर लिया ; और

(ख) तो क्या सरकार को ऐसी कुछ शिकायतें मिली हैं और यदि हां, तो किन राज्यों से और उन के बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल) :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।